मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 204
रविवार, 09 फरवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## दिल्ली में कमल का कमाल, जनता ने अबकी बार कहा- नो केजरीवाल

### बीजेपी -48, आप-22, कांग्रेस ने लगाई 0 की हैट्रिक

**नई दिल्ली, 08 फरवरी।** दिल्ली के विधानसभा चुनाव में 27 सालों बाद कमल का कमाल नजर आया है। वहीं प्रदेश की जनता ने इस बार नो केजरीवाल कहा है। वहीं इस बार के चुनाव में अगर किसी के लिए कुछ नहीं बदला तो वो देश की ग्रैंड ओल्ड पार्टी कांग्रेस है। जिसने जीरो की हैट्रिक लगाते हुए अपना पिछले दो बार का प्रदर्शन बरकरार रखा। 70 विधानसभा सीटों वाली दिल्ली में बीजेपी 48 सीटों पर कमल खिलाने में कामयाब रही। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी सिर्फ 22 सीटों पर सिमट गई। आप के उदय से पहले लगातार तीन बार शीला दीक्षित की अगुवाई में दिल्ली की सत्ता पर राज करने वाली कांग्रेस पिछले 3 चुनावों से एक सीट तक के लिए तरस गई है। दिल्ली में इस बार वोट शेयर की बात करें तो बीजेपी को करीब 46 फीसदी वोट मिले हैं जबकि आम आदमी पार्टी करीब 44 फीसदी वोट पाने में सफल रही है। 6.40 वोट शेयर के साथ कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की ईमानदार और स्वच्छ राजनीति के पैरोकार वाली छवि पर प्रहार, चुनाव लड़ने की कथित पारंपरिक शैली साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की जगह



लोगों के मुद्दों को प्रमुखता और प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता के साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रबंधन ने राजधानी दिल्ली में 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सत्ता में वापसी में प्रमुख भूमिका निभाई। इनके अलावा, जमीनी स्तर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की बूथ स्तरीय लगातार छोटी-छोटी बैठकों ने भी भाजपा की जीत की बुनियाद गढ़ने में योगदान दिया।

नयी दिल्ली सीट पर कड़े त्रिकोणीय मुकाबले में वर्मा को 30,088 वोट मिले, जबकि केजरीवाल को 25,999 वोट मिले। कांग्रेस के संदीप दीक्षित 4,568 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पश्चिमी दिल्ली से दो बार सांसद रहे वर्मा ने भाजपा द्वारा आधिकारिक तौर पर उनकी उम्मीदवारी घोषित किए जाने से पहले ही केजरीवाल के खिलाफ अपना अभियान शुरू कर दिया और खुद को दिल्ली के तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री के लिए मुख्य चुनौती के रूप में पेश किया।

## दिल्ली में आप को बड़ा झटका, अपनी सीट से हारे केजरीवाल, मनीष सिसोदिया भी हुए पस्त

**नई दिल्ली, 08 फरवरी।** दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। नतीजे तो उसके पक्ष में रहे नहीं, लेकिन उसके बड़े-बड़े नेता भी चुनाव हार गए। नई दिल्ली सीट से अरविंद केजरीवाल को भी हार का सामना करना पड़ा है अरविंद केजरीवाल को प्रवेश वर्मा ने हराया है। केजरीवाल को वर्मा ने 3182 वोटों से हराया है। वहीं, पटपड़गंज छोड़ जंगपुरा से चुनाव लड़ने वाले मनीष सिसोदिया को 600 वोटो से हार मिली है। मनीष सिसोदिया को भाजपा उम्मीदवार तरविंदर सिंह मारवाह ने हराया है। वहीं, वही राजेंद्र नगर से दुर्गेश पाठक को हार मिली है। यह आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार थे।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं ने अच्छी



लड़ाई लड़ी, हम सभी ने कड़ी मेहनत की। लोगों ने भी हमारा समर्थन किया। लेकिन, मैं 600 वोटों से हार गया। मैं जीतने वाले उम्मीदवार को बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह निर्वाचन क्षेत्र के लिए काम करेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर अपना भरोसा जताया है, जनता प्रधानमंत्री के साथ है। यह बहुत बड़ी जीत है, यह जनता की जीत है, इस जीत के शिल्पकार प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हैं।

## और लड़ो आपस में, दिल्ली चुनाव रुझानों के बाद उमर अब्दुल्ला का इंडिया ब्लॉक पर तंज

**कश्मीर, 08 फरवरी।** दिल्ली की विधानसभा सीटों के लिए शुरूआती रुझानों में आम आदमी पार्टी के पिछड़ने के बाद, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक मजेदार मीम पोस्ट किया, जिसमें लिखा था, ₹और लड़ो आपस में।₹ जहां भाजपा ने अपने एनडीए सहयोगियों की मदद से दिल्ली के मतदाताओं को लुभाने के लिए हरसंभव प्रयास किया, वहीं इस लड़ाई में इंडिया गुट बंटा हुआ था और सहयोगी आप और कांग्रेस इस उच्च-दांव वाली लड़ाई में कट्टर प्रतिद्वंद्वी बन गए। अभियान में कांग्रेस और आप ने एक-दूसरे पर जमकर निशाना साधा।



अरविंद केजरीवाल ने लगातार आरोप लगाया कि कांग्रेस भाजपा की मदद करने के लिए ये चुनाव लड़ रही है, जबकि सबसे पुरानी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी में आप के एक दशक लंबे शासन पर सवाल उठाया। 2025 के अभियान के दौरान, राहुल गांधी ने दलितों, पिछड़े समुदायों और आदिवासियों के अधिक प्रतिनिधित्व के लिए एक मजबूत वकालत की - लक्षित समूह जो पारंपरिक रूप से कांग्रेस के साथ थे लेकिन पिछले दो चुनावों में अअढ में स्थानांतरित हो गए थे।

आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे का दिन है। दिल्ली के सभी 70 सीटों के लिए शुरूआती रुझान सामने आ गए हैं। शुरूआती रुझानों में भाजपा 45 सीटों के साथ अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। दिल्ली में 36 सीटों की जरूरत होती है सरकार बनाने के लिए। ऐसे में भाजपा बहुमत प्राप्त कर चुकी है। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी को करारा झटका लगा है। पार्टी सिर्फ 24 सीटों पर अपनी बढ़त बनाई हुई है। वहीं इस बार ऐसा लगता है कि कांग्रेस का खाता खुल सकता है। पार्टी एक सीट पर आगे चल रही है।

## बीजेपी की जीत पर पीएम मोदी ने दिल्लीवासियों को दी बधाई

**नई दिल्ली, 08 फरवरी।** दिल्ली में भाजपा के जबरदस्त जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली प्रतिक्रिया आई है। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि यह जीत विकास की है, सुशासन की है। उन्होंने इसको लेकर एक्स पोस्ट किया है। आपने एक्स पोस्ट में उन्होंने लिखा कि जनशक्ति सर्वोपरि! विकास जीता, सुशासन जीता। उन्होंने लिखा कि दिल्ली के अपने सभी भाई-बहनों को भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा वंदन और अभिनंदन! आपने जो भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया है, उसके लिए आप सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभार।

मोदी ने कहा कि दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो। उन्होंने कहा कि मुझे भाजपा के अपने सभी कार्यकताओं पर बहुत गर्व है, जिन्होंने इस प्रचंड जनादेश के लिए दिन-रात एक कर दिया। अब हम और भी अधिक मजबूती से अपने दिल्लीवासियों की सेवा में समर्पित रहेंगे।



दिल्ली चुनाव नतीजों पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली की जनता का बीजेपी पर विश्वास बहुत जरूरी है। हम दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त करेंगे और हम इसे दुनिया का सबसे खूबसूरत शहर बनाना चाहते हैं। दिल्ली की सूरत बदल जाएगी। मैं लोगों को धन्यवाद देता हूं। हमारी जीत उम्मीद से कहीं ज्यादा बड़ी है। गृह मंत्री अमित शाह का ट्वीट सामने आया है। शाह ने एक्स पर लिखा कि दिल्ली के दिल में मोदी। दिल्ली की जनता ने झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार के शीशमहल को नेस्तनाबूत कर दिल्ली को आप-दा मुक्त करने का काम किया है। दिल्ली ने वादाखिलाफी करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है, जो देशभर में जनता के साथ झूठे वादे करने वालों के लिए मिसाल बनेगा। यह दिल्ली में विकास और विश्वास के एक नए युग का आरंभ है।

अमित शाह ने कहा कि दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हुआ है... यह अहंकार और अराजकता की हार है। यह मोदी की गारंटी और मोदी जी के विकास के विजन पर दिल्लीवासियों के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि इस प्रचंड जनादेश के लिए दिल्ली की जनता का दिल से आभार। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा अपने सभी वादे पूरे कर दिल्ली को विश्व की नंबर 1 राजधानी बनाने के लिए संकल्पित है।दिल्लीवासियों ने बता दिया कि जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता।

## भाजपा चुनाव जीतने की कोशिश में चुनावी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है: अखिलेश यादव

**लखनऊ, 08 फरवरी।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव जीतने की कोशिश में चुनावी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। आधिकारिक तौर पर अभी मिल्कीपुर विधानसभा सीट का परिणाम घोषित नहीं हुआ है लेकिन भाजपा उम्मीदवार सपा के उम्मीदवार से काफी आगे है। अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में वस्तुतः पार्टी की हार स्वीकार करते हुए कहा, लोकसभा चुनावों में अयोध्या में हुई पीडीए की सच्ची जीत, उनके मिल्कीपुर के विधानसभा की झूठी जीत पर कई गुना भारी है और हमेशा रहेगी।

उन्होंने कहा, पीडीए की बढ़ती शक्ति का सामना भाजपा वोट के बल पर नहीं कर सकती है, इसीलिए वो चुनावी तंत्र का दुरुपयोग करके जीतने की कोशिश करती है। यादव ने कहा, ये झूठी जीत है, जिसका जश्न भाजपाई कभी भी आईने में अपनी आंखों-में-आंखें डालकर नहीं मना पाएंगे। उनका अपराधबोध और भविष्य में हार का डर उनकी नींद उड़ा देगा। मिल्कीपुर



विधानसभा सीट, अवधेश प्रसाद के पिछले साल लोकसभा चुनाव में फैजाबाद सीट से निर्वाचित होने के बाद विधानसभा से इस्तीफा देने की वजह से रिक्त हुई है।

इसीलिए उपचुनाव कराया गया। मिल्कीपुर उपचुनाव, समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है, क्योंकि यह सीट राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अयोध्या जिले का हिस्सा है। इस सीट पर कुल 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला सपा के अजीत प्रसाद और भाजपा के चंद्रभानु पासवान के बीच माना जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) यह उपचुनाव नहीं लड़ रही है, वहीं कांग्रेस इस सीट पर अपनी गठबंधन सहयोगी सपा का समर्थन कर रही है।

## दिल्ली चुनाव : मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी सीट पर 3521 मतों से जीत दर्ज की

**नई दिल्ली, 08 फरवरी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार आतिशी ने कालकाजी विधानसभा सीट पर भाजपा के रमेश बिधूड़ी को 3,521 मतों के अंतर से हरा दिया।

निर्वाचन आयोग के अनुसार, आतिशी को 52,154 मत मिले, जबकि बिधूड़ी को 48,633 मत प्राप्त हुए। कांग्रेस की अलका लांबा 4,392 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

आतिशी ने लगातार दूसरी बार कालकाजी सीट जीती है। मुख्यमंत्री आप के उन कुछ मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने चुनाव में जीत हासिल की है, जबकि पार्टी के ज्यादातर बड़े नेता चुनाव हार गए हैं जिनमें आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सौरभ भारद्वाज शामिल हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते



हुए शनिवार को आप को राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता से बाहर कर 26 साल से अधिक समय बाद धमाकेदार वापसी की।

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा दिल्ली की 70 में से 40 सीट जीत गई है और आठ पर उसकी बढ़त बरकरार है। इस प्रकार वह 48 सीट पर जीत के साथ निर्णायक बहुमत हासिल करती दिख रही है, जबकि आप 22 सीट पर सिमटती नजर आ रही है। एक बार फिर कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में अपना खाता खोलती नहीं दिख रही है।









# दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी



-ललित गर्ग

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश एवं गुड गवर्नेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़े गये और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला एवं उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी है। दिल्ली में 11 साल के बाद डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली की बुनियादी समस्याओं का हल होते हुए दिख रहा है, बल्कि दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखे जाने की शुभ शुरूआत हो रही है। अब दिल्ली में न केवल वायु प्रदूषण दूर होगा, बल्कि यमुना नदी का प्रदूषण दूर करते हुए उसका कायाकल्प किया जायेगा। चुनाव परिणामों में आम आदमी पार्टी चुनाव को जिस तरह की हार का सामना करना पड़ा है उससे आप सिर्फ सत्ता से ही बेदखल नहीं हो रही बल्कि आप एवं केजरीवाल के राजनीतिक जीवन पर भी ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिये भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने एवं सत्ता में वापसी का सपना बूरी तरह पस्त हो गया है। दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास एवं मुक्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। दिल्ली में मुस्लिम बहुल इलाके हों, गांधी नगर जैसे कारोबारी क्षेत्र हों या फिर पूर्वी दिल्ली का पटपड़गंज हो, या मुस्तफाबाद जैसे पिछडे.इलाके सभी जगहों पर आप को करारा झटका लगा है। हिन्दुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी-शाह की जोड़ी ने करिश्मा कर दिखाया है। आप एवं कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हार ने तय किया कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार एवं बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली के विकास मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, उसी दिल्ली की दुर्दशा, उससे जुड़े झूठे बयानों एवं तथ्यों के कारण आप हारी है।. इस तरह केजरीवाल की राजनीति पर मतदाताओं ने सवालिया निशाने लगा दिये हैं। केजरीवाल के लिये इन चुनाव परिणाम के बाद संकट के पहाड़ खड़े होने वाले है।

जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए। शराब यानी धन-दौलत से वास्ता हो गया। अन्ना ने कहा कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार को आचार शुद्ध होना, विचार शुद्ध होना, जीवन निष्कलंक और त्याग होना जरूरी है। अगर ये गुण उम्मीदवार में हैं तो मतदाताओं को उन पर विश्वास होता है। लेकिन केजरीवाल एवं आप के उम्मीदवारों में ये गुण दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते हैं, यही आप की करारी हार का कारण बना है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की परिस्थितियों में बड़ी समानता रही हैं, पर हेमंत की तरह केजरीवाल दिल्ली की जनता का दिल जीतने में नाकामयाब रहे। दिल्ली में आप की हार केजरीवाल के लिए एक बड़ा व्यक्तिगत झटका है, जिससे राजनीति में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली का असर पंजाब की सियासत पर भी पड़ेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर अरविंद केजरीवाल की योजना धुंधली पड़ जायेगी। इंडिया गठबंधन के जो दल कांग्रेस के बजाय आम आदमी पार्टी के साथ खड़े थे, वो फिर से दूरी बनाते नजर आएंगे। इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को भी आइना दिखा दिया है। उसने जिस तरह से भारत की ह्यसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्न की भावना को दबाया, सनातन परंपरा को दबाया एवं मोदी विरोध के नाम पर देश-विरोध पर उतर आयी, यही मूल्यहीन राजनीति उसकी हार का कारण बनी। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन दिखाई दी कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति करती रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेला। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉमूर्ला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार बना और यही उसको रसातल में ले जाने का बड़ा कारण बना है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दशार्ती रही है, जो उसके हार को सुनिश्चित करने का बड़ा कारण बना। एक राष्ट्रीय दल, सबसे पुराना दल, पांच दशकों तक देश पर शासन करने एवं दिल्ली में लगातार तीन बार सत्ता में रहने वाले दल को एक-दो सीटों पर ही उसकी जीत होना उसकी हास्यास्पद एवं लगातार कमजोर होने की स्थितियों को ही दर्शा रहा है। दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया था, इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं रहा, कांग्रेस के सपने टूट कर बिखर गये। कांग्रेस की दिल्ली में दुर्दशा ने लगभग तय कर दिया है कि मतदाता की नजरों में उसकी क्या अहमियत है? कांग्रेस ने न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है। दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनने जा रही है, जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता देगी। दिल्ली में बीजेपी की जीत हुई, वह अधिक मजबूत होकर उभरी है, मोदी एवं भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। इसका असर बिहार के चुनाव में भी सकारात्मक होता हुआ दिख रहा है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है और ऐसा दिल्ली में होता हुआ दिखा है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति, विभाजनकारी राजनीति एवं सनातन-विरोधी स्वर ने आप एवं कांग्रेस को औंधे मुंह गिरा दिया है, इस गिरावट से उभरने की संभावनाएं भी दोनों दलों के लिये एक बड़ी चुनौती है।

दिल्ली के चुनाव एक महायुद्ध था, जो कितने ही मुद्दों को अपने में समेटे हुए रहा। यह अनेक नेताओं एवं दलों के अस्तित्व को बचाने का भी महासंग्राम था। चुनाव में जब सेवा-सुशासन का मूल उद्देश्य गायब हो जाता है, केवल दलगत स्वार्थ और सत्ता प्राप्ति की होड़ मुख्य हो जाती है तब दिल्ली जैसे अप्रत्याशित परिणाम ही सामने आते हैं। राजनीति में केजरीवाली प्रवृत्ति एक नई संस्कृति का स्थान लेती रही है, जिसने हमारे सभी नैतिक मूल्यों को तार-तार कर दिया था, बहुत चर्चा होती रही है कि दिल्ली के विकास में अनेक सुराख हो गये हैं, लोगों का सांस लेना दुश्वार हो रहा था तो यमुना प्रदूषित हो गयी थी, सड़के खड्डो में तब्दील हुई तो चिकित्सा-शिक्षा व्यवस्था चरमराई। इसलिए दिल्ली के जीवन को खतरा था। दिल्ली में ऐसे सुराख (ब्लैक होल) हो गये थे, जहां नेता पाप करके छुपते रहे हैं। आप नेताओं के दिमाग में सुराख ही सुराख हो गये थे, जिससे मवाद टपकता दिखाई देता था। ये सब स्थितियां दिल्ली को अच्छे भविष्य की ओर नहीं ले जा रही थी, दिल्ली जब कीचड़ में थी, तब आप एवं उसके नेता एक कदम आगे बढ़ने के प्रयास में दो कदम पीछे फिसलते रहे। स्थितियों की इसी विपरीतता ने दिल्ली की जनता को जगाया, एक-एक व्यक्ति दिल्ली के व्यापक हित को अपने हित से ऊपर समझते हुए भाजपा को जीत का सेहरा बांधा है। निश्चित ही दिल्ली में नये सूरज का अवतरण हुआ है, और उसका भविष्य शुभ एवं श्रेयस्कर दिखाई दे रहा है।

# स्वयं हार गए मुख्यमंत्री केजरीवाल



अशोक भाटिया

## क्या दिल्ली में आप पार्टी की हार से पार्टी की देश भर में कमजोर होगी?

दिल्ली की सत्ता से आम आदमी पार्टी बाहर होती दिख रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम आम आदमी पार्टी के लिए खतरे की घंटी है। दोपहर 12 तक ताजा रूझानों में बीजेपी 48 और आप 22 सीटों पर आगे है। अरविंद केजरीवाल स्वयं हार गए है। लेकिन ट्रेंड और तेजी से नहीं बदला तो शीशमहल, ईडी, सीबीआई के आरोपों से घिरी पार्टी के लिए ईमानदार पार्टी का तमगा लेकर घूमना मुश्किल हो जाएगा। सुबह 9।30 बजे के रूझानों के मुताबिक बीजेपी बहुमत के आंकड़े को पार कर चुकी थी। दिल्ली की जनता ने लोकसभा की तरह मोदी पर भरोसा किया है। ये वोट प्रतिशत से साफ हो रहा है। अरविंद केजरीवाल की वैकल्पिक राजनीति को दिल्ली ने खारिज कर दिया है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। ये गनीमत है। लेकिन दिल्ली आप की जनक रही है और आंदोलन से उपजी पार्टी का धूल चाटना दिखाता है कि केजरीवाल के वादों को जनता ने नकार दिया।उधर कांग्रेस के नेता संदीप दीक्षित ने दिल्ली इलेक्शन रिजल्ट आने से पहले ही शिगूफा छोड़ा है। उनका कहना है कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल के साथ सरकार बनाने की नौबत आती है तो इसका फैसला पार्टी हाई कमान लेगी। पप्पू यादव ने कहा है कि अगले चार घंटों में ट्रेंड बदल जाएगा। उनके मुताबिक महिलाओं और अल्पसंख्यकों का वोट केजरीवाल को गया है।

केजरीवाल की सरकार जाती है तो उसका असर पंजाब, गोवा और गुजरात में भी दिखायी देगा। एक दशक पहले भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बनी आम आदमी पार्टी ने पहले ही चुनाव में 28 सीट जीतकर तहलका मचा दिया था। लेकिन यदि आम आदमी पार्टी की हार से क्या केजरीवाल का दिल्ली मॉडल बिखर जायेगा।

अधिकांश रिजल्टों में 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा के वापसी की संभावना बन गयी थी। अगर मतगणना पूरी होने के बाद दिल्ली की सत्ता से आम आदमी पार्टी बाहर होने से उसका असर पंजाब, गोवा और गुजरात में भी दिखायी देगा। एक दशक पहले भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बनी आम आदमी पार्टी ने पहले ही चुनाव में 28 सीट जीतकर तहलका मचा दिया था। लेकिन कांग्रेस के साथ बनी सरकार सिर्फ 49 दिन ही चल सकी। इसके बाद वर्ष 2015 के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 67 सीट जीतकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की और फिर 2020 में भी शानदार प्रदर्शन किया।

मुफ्त बिजली, पानी, बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था का मॉडल पेश कर पार्टी दूसरे राज्यों में भी विस्तार करने में जुट गयी और वर्ष 2022 के पंजाब विधानसभा जीतकर एक नयी मिसाल पेश की। फिर गुजरात और गोवा में भी पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर लिया। लेकिन पिछले 11 साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान प्रदूषण, पानी की समस्या और सड़कों की स्थिति बेहतर नहीं हो सकी। इस बार चुनाव में कांग्रेस और भाजपा ने भ्रष्टाचार, यमुना की सफाई, प्रदूषण और पानी की कमी के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाया। एग्जिट पोल के आंकड़ों से लगता है कि इन मुद्दों का असर चुनाव पर हुआ है।

दिल्ली से शुरू हुई आम आदमी पार्टी की राह चुनाव हारने पर आने वाले समय में मुश्किल भरी हो सकती है। दिल्ली मॉडल का हवाला देकर ही पार्टी दूसरे राज्यों में जनाधार हासिल करने की कोशिश कर रही है। ऐसे में दिल्ली में हार के बाद आप का दिल्ली मॉडल ही फेल साबित हो जायेगा। दिल्ली के चुनाव परिणाम का सबसे अधिक असर पंजाब की राजनीति पर पड़ने की संभावना जतायी जा रही है। दिल्ली की हार से आप की पंजाब सरकार पर संकट के बादल छा सकते हैं। पार्टी के अंदर हार के बाद गुटबाजी तेज होगी और मान सरकार के खिलाफ विपक्ष और आक्रामक होगा। साथ ही इस हार से केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के लिए भविष्य की राह मुश्किल होगी। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के लक्ष्य को ग्रहण लगेगा। दिल्ली की सत्ता गंवाने के बाद पार्टी के कई नेता दूसरे दलों में शामिल हो सकते हैं। आप की हार का सबसे अधिक फायदा कांग्रेस को होने की संभावना है। कांग्रेस आप की हार के बाद अपने पुराने परंपरागत मुस्लिम और दलित मतदाताओं को आसानी से साध सकेगी। पंजाब और दूसरे राज्यों में भी आप के कमजोर होने का लाभ कांग्रेस को मिलेगा। लेकिन यदि आम आदमी पार्टी दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीतती है, तो कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता एक बार फिर से आप की ओर रुख करेंगे। कांग्रेस का पंजाब में भी इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है साथ ही इंडिया गठबंधन में भी आप की स्थिति मजबूत होगी।

हालांकि हारने के बाद आम आदमी पार्टी की तरफ से चुनाव प्रक्रिया पर सियासी सवाल उठाया जाएगा। ईवीएम पर भी सवाल उठाया जा सकता है। बीजेपी की जीत को फर्जी वोटर के दम पर मिली जीत बताया जा सकता है। क्योंकि ऐसे आरोप आम आदमी पार्टी ने नई दिल्ली विधानसभा सीट के लिए बीजेपी पर लगाया था। विपक्षी दल मिलकर ये बहस तेज कर सकते हैं कि क्या नए फर्जी वोट जोड़कर चुनाव में जीत हासिल की जा सकती है। राहुल गांधी ने अभी हाल ही में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए लोकसभा में इस तरह के आरोप चुनाव आयोग पर लगाए भी थे।पर इसके बाद भी आम आदमी पार्टी के लिए चुनौतियां कम नहीं होंगी। जिस दिल्ली से आम आदमी पार्टी निकली है, उसी दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के लिए पार्टी की हार शर्मिंदगी का विषय बन जाएगा। अपनी सरकार के मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, अगर दिल्ली में ही पार्टी हार जाती है तो दूसरे राज्यों में क्या मुंह दिखाएंगे? यानी जहां से पार्टी का बीज फूटा, वहीं हार का झटका पार्टी के लिए बहुत बड़ा होगा। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की हार केजरीवाल के लिए एक बड़ा व्यक्तिगत झटका भी होगा। यहां तक कि राजनीति में उनके भविष्य को लेकर भी सवाल उठ सकते हैं। किसी भी संगठन में जब नेता कमजोर होने लगता है तो नया नेतृत्व उभर कर आता है। आम आदमी पार्टी के संगठन में भी इस तरह के नेतृत्व के उभरने का खतरा होगा। एक और बात यह है कि आम आदमी पार्टी कोई बीजेपी, मंडलवादी या कम्युनिस्ट पार्टियों की तरह एक विचारधारा वाली पार्टी नहीं है। आम आदमी पार्टी का गठन ही केवल सत्ता में आने के लिए किया गया था। ऐसी पार्टियां बहुत ज्यादे दिनों तक विपक्ष में नहीं रह पातीं हैं। अरविंद केजरीवाल के सत्ता से हटते ही पार्टी कार्यकर्ता और नेताओं में दूसरी पार्टियों में जाने के लिए भगदड़ मच सकती है। बीजेपी इस बात को प्रचारित करेगी कि घोटाले के जिन आरोपों पर अभी अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया जमानत पर हैं, उन्हें चुनावी अदालत में जनता ने दोषी मान लिया है। कहा जाएगा कि घोटाले के आरोपों पर जनता की अदालत का फैसला आ चुका है। पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार में है। भगवंत मान मुख्यमंत्री हैं। अरविंद केजरीवाल के विरोधी यह बात कहते रहे हैं कि केजरीवाल दिल्ली हारने के बाद खुद को पंजाब का मुख्यमंत्री भी बना सकते हैं। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो भी पंजाब में आम आदमी पार्टी के कमजोर होने के चांसेस बढ़ जाएंगे। सरकार भी गिर सकती है। पंजाब में बीजेपी भले ही सरकार बनाने की हैसियत में दूर-दूर तक नहीं है। पर इसके बाद भी बीजेपी चाहेगी कि राज्य में आम आदमी पार्टी कमजोर हो जाए। यह भी कोशिश होगी राज्य में कोई ऐसी सरकार रहे जिसके साथ बीजेपी के संबंध दोस्ताना हो। इस तरह पंजाब आम आदमी पार्टी में भी नया नेतृत्व देखने को मिल सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर अरविंद केजरीवाल की योजना को झटका लगेगा। लिहाजा पंजाब में अब कांग्रेस केजरीवाल को घेरने के लिए मजबूती से लग जाएगी।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और संजय सिंह जैसे आम आदमी पार्टी के नेता भ्रष्टाचार के मामलों में जेल से जमानत पर बाहर हैं। जाहिर है कि अभी तक ये लोग सरकार में थे इसलिए जेल हो या कोर्ट दोनों जगहों पर सहूलियतें मिल जातीं थीं। चूंकि तिहाड़ प्रशासन दिल्ली सरकार के अधीन आता था इसलिए वहां से सत्येंद्र जैन की तेल मालिश होती फोटो बाहर आती थीं पर शायद अब ये न हो। ये नेता जेल जाएंगे तो उन्हें पहले तरह की सुविधाएं न मिलें। इसके साथ दिल्ली सरकार के खर्चे पर देश के टॉप वकील जो लाखों रुपये एक पेशी का लेते हैं वह भी अब नहीं मिल सकेगा। जाहिर है कि अब इन दोनों ही प्रकार की छूटें नहीं मिलने से इन नेताओं की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। इसके बाद सत्ता जाने के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं के और भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आ सकते हैं। बहुत से गवाह भी आम आदमी पार्टी की सरकार के जाने के बाद बिना प्रयास किए सामने आएंगे।

जो केजरीवाल इंडिया ब्लॉक में गैर कांग्रेसी दल जैसे शरद पवार की पार्टी, उद्धव ठाकरे की पार्टी, अखिलेश यादव की पार्टी, ममता बनर्जी के दल के पसंदीदा रहे हैं, केजरीवाल के उस गठजोड़ को झटका लगेगा। इसके साथ ही इंडिया ब्लॉक के साथियों की तरफ से कांग्रेस पर सवाल होगा कि कांग्रेस के वोट काटने से बीजेपी को फायदा मिला है। पर मोदी से मुकाबले के लिए एक बार फिर इंडिया गठबंधन मजबूत होने का प्रयास करे। यह भी हो सकता है कि कांग्रेस को अब इंडिया गुट में चौधरी बनने का मौका न मिले। बेशक कांग्रेस सीटों के हिसाब से दिल्ली में शायद एक सीट ही हासिल न करे लेकिन उसने पूरी दिल्ली में आम आदमी पार्टी के वोटों को काटा है, जैसा आप ने हरियाणा विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के साथ किया। 2013 के बाद कांग्रेस का वोट बैंक आम आदमी पार्टी की तरफ चला गया था, इसलिए कांग्रेस की वापसी से आप को नुकसान हो रहा है। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में दिल्ली की सातों सीटों पर हार और पंजाब में केवल तीन सीटों पर जीत ने पार्टी के जनाधार में गिरावट को दिखाया, जिससे मतदाताओं का विश्वास कम हुआ। स्पष्ट है कि पार्टी के भीतर आंतरिक विवाद और प्रमुख नेताओं के इस्तीफे, जैसे कैलाश गहलोत और राज कुमार आनंद का पार्टी छोड़ना संगठनात्मक कमजोरी को उजागर करता है।विपक्षी दलों ने आप पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का उपयोग करके उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाए, जिससे पार्टी की छवि को और नुकसान पहुंचा।महिलाओं और नए वोटर्स का रुख आप की ओर नहीं गया है। उसने आप से किनारा कर लिया है। 27 वर्षों बाद दिल्ली में भाजपा के लिए हरियाली आई है।

# बेटी नहीं बचाओगे, तो बहू कहाँ से लाओगे?



-प्रियंका सौरभ

-प्रियंका सौरभ

हरियाणा में एक कहावत है, ₹बेटी नहीं बचाओगे, तो बहू कहाँ से लाओगे?₹ हालांकि यह मान लेना गलत है कि सभी बेटियाँ भावी दुल्हन हैं, फिर भी यह मुहावरा एक ऐसे राज्य में लिंग-चयनात्मक गर्भपात के गंभीर परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करने में प्रभावी है, जो दशकों से ₹बेटियों की कमी₹ से जूझ रहा है। स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आय में प्रगति के बावजूद भारत का जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) कम बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5, 2019-21) द्वारा एसआरबी को प्रति 1,000 लड़कों पर 929 लड़कियाँ बताया गया। यह एनएफएचएस-4 (2015-16: प्रति 1,000 लड़कों पर 919 लड़कियाँ) की तुलना में थोड़ा सुधार है, लेकिन यह अभी भी एक निरंतर लिंग पूर्वाग्रह दिखाता है। ऐतिहासिक रूप से कुछ राज्यों में, विशेष रूप से उत्तरी और पश्चिमी भारत में अधिक विषम अनुपात रहे हैं। 1994 के गभार्धान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के बावजूद, जन्मपूर्व लिंग निर्धारण तकनीकों द्वारा लिंग-पक्षपाती लिंग चयन संभव हो गया है। धनी आर्थिक समूहों और उच्च जातियों में पुरुषों के प्रति झुकाव वाली एसआरबी की दर अधिक है, जो यह दशार्ता है कि मौद्रिक प्रोत्साहन अकेले पर्याप्त निवारक नहीं हो सकते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के लागू होने के बाद से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में एसआरबी में सुधार हुआ है। दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट आ रही है, जिन्हें आम तौर पर बेहतर लिंग अनुपात के लिए जाना जाता है। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है। हालाँकि दिल्ली के आसपास के राज्यों में सुधार हुआ है, लेकिन दिल्ली में भी एसआरबी में गिरावट देखी गई है। जबकि यहाँ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए बुनियादी लक्ष्य और रणनीतियाँ थीं।

पीसीपीएनडीटी अधिनियम को और अधिक सख्ती से लागू करके लिंग के आधार पर लिंग चयन को प्रतिबंधित करना होगा। लड़कियों की शिक्षा, सुरक्षा और जीवन रक्षा को बढ़ाना होगा। बाल विवाह में देरी करना और महिलाओं की शैक्षिक प्राप्ति को बढ़ाना जरूरी है। पितृसत्तात्मक मान्यताओं से निपटने के लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रयासकरने होंगे। लिंग-चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए, पीसीपीएनडीटी अधिनियम को मजबूत किया जाना चाहिए। वित्तीय प्रोत्साहन जैसे कि हरियाणा के लाडली और आपकी बेटी हमारी बेटी जैसे कार्यक्रम परिवारों को लड़कियों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। शैक्षिक सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति और बुनियादी ढांचे के समर्थन के माध्यम से लड़कियों की शिक्षा के लिए धन मुहैया कराना प्रभावी कदम है। उच्च विषमता वाले क्षेत्रों के बाहर सीमित प्रभावशीलता बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का प्रभाव अलग-अलग है; कुछ दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में एसआरबी में गिरावट देखी जा रही है। इसका मतलब है कि उच्च विषमता वाले राज्यों में केंद्रित हस्तक्षेप पर्याप्त नहीं हैं।

बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि ₹बेटी की परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है।₹ दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ. वित्तीय प्रोत्साहन से ज्यादा की जरूरत है। कम महिला श्रम शक्ति भागीदारी अभी भी दुनिया में सबसे कम है, यहाँ तक कि बेहतर शैक्षिक मानकों के साथ भी। आर्थिक असुरक्षा का अनुभव करने वाली महिलाएँ पितृसत्तात्मक व्यवस्थाओं का विरोध करने में कम सक्षम हैं। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत वेतन समानता के मामले में वैश्विक स्तर पर 127वें स्थान पर है, जहाँ पुरुषों द्वारा अर्जित प्रत्येक 100 रुपये के लिए महिलाएँ केवल 39.8 रुपये कमाती हैं। सशर्त नकद प्रोत्साहन (जैसे, सशर्त नकद हस्तांतरण) प्रणालीगत परिवर्तन के बजाय नीति का केंद्र बिंदु हैं। लाडली योजना द्वारा लैंगिक पूर्वाग्रह के अंतर्निहित कारणों को दूर नहीं किया गया है। रोजगार, संपत्ति के अधिकार और वित्तीय स्वायत्तता के क्षेत्रों में संरचनात्मक परिवर्तन प्राप्त करने के लिए, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को कैचफ्रेज से आगे बढ़ना चाहिए।

लिंग-संवेदनशील नीतियों को मजबूत किया जा रहा है। ₹लड़कियों को बचाने₹ के बजाय, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को नेतृत्व, वित्तीय समावेशन और रोजगार में ₹महिलाओं को सशक्त बनाने₹ पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। प्रोत्साहन देकर अधिक महिलाओं को उद्यमिता और करियर को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। रोजगार अंतराल और वेतन असमानताओं को संबोधित करें लैंगिक वेतन अंतर को कम करने के लिए समान वेतन कानून लागू करें। मातृत्व लाभ, लचीले कार्य कार्यक्रम और चाइल्डकैअर सहायता प्रदान करके अधिक लोगों को काम करने के लिए प्रोत्साहित करें। पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रवर्तन को बढ़ाना, डायग्नोस्टिक क्लीनिकों की निगरानी करना और अवैध लिंग निर्धारण के खिलाफ सख्त कदम उठाना कानूनी और सामाजिक सुधारों को मजबूत करने के सभी तरीके हैं। सरकार के स्थानीय स्तर पर जवाबदेही प्रणाली को मजबूत करें। संपत्ति और विरासत पर महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित करें।

उत्तराधिकार अधिकारों को न्यायसंगत बनाए रखें, खास तौर पर उन क्षेत्रों में जहाँ बेटियों को अभी भी समान संपत्ति का स्वामित्व नहीं दिया जाता है। महिलाओं को परिवारों में एक साथ संपत्ति रखने के लिए प्रोत्साहित करें। समुदाय द्वारा संचालित व्यवहार और जुड़ाव में बदलाव लाएं। स्थानीय नेताओं के माध्यम से जमीनी स्तर पर भागीदारी बढे। शिक्षकों, धार्मिक नेताओं और समुदाय के प्रभावशाली सदस्यों को पितृसत्तात्मक परंपराओं का विरोध करने के लिए प्रोत्साहित करें। लैंगिक समानता के बारे में बातचीत में अधिक पुरुषों को शामिल करें। बेटियों के मूल्य की कहानी को बदलने वाले अभियानों को अपना ध्यान ₹बालिकाओं की सुरक्षा₹ से बदलकर ₹बालिकाओं को सशक्त बनाने₹ पर केंद्रित करने की आवश्यकता है। परिवार की सफलता के लिए बेटियों को संपत्ति के रूप में उत्थानकारी संदेशों को प्रोत्साहित करें। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बेटे को प्राथमिकता देने के मुद्दे पर सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण, यह अपने वर्तमान स्वरूप में अपने मुख्य लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहा है।

जिला और राज्य स्तर की बैठकों की कमी के कारण योजना पिछले कुछ वर्षों में बनी गति खो रही है। इसलिए जिला और राज्य स्तर पर कार्य समितियों का प्रतिनिधित्व समुदाय स्तर के कार्यकताओं द्वारा किया जाना चाहिए, महिला छात्राओं द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों, जैसे शौचालयों की कमी, के बारे में जागरूक होना चाहिए और प्रभावी निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली होनी चाहिए, जो यह दिखाए कि योजनाएँ अपने लक्ष्यों की दिशा में कितनी अच्छी तरह काम कर रही हैं। भारत में, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ लिंग आधारित भेदभाव को दूर करने के लिए एक उल्लेखनीय नीतिगत हस्तक्षेप रहा है। हालाँकि इसने कुछ क्षेत्रों में एसआरबी के सुधार में योगदान दिया है, लेकिन महिलाओं की आर्थिक उन्नति में निहित पितृसत्तात्मक मान्यताओं और संरचनात्मक बाधाओं के कारण इसका प्रभाव अभी भी सीमित है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि महिलाओं को पुरुषों के समान आर्थिक, सामाजिक और कानूनी अवसरों तक समान पहुँच हो, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को अपनी संरक्षणवादी रणनीति को अधिकार-आधारित सशक्तिकरण पर केंद्रित रणनीति से बदलना होगा। तभी हम सशर्त प्रोत्साहनों से आगे बढ़ पाएंगे और स्थायी समानता प्राप्त कर पाएंगे, जिससे लिंग अंतर कम हो जाएगा। सांस्कृतिक मान्यताओं में गहराई तक समाए होने के कारण अक्सर महिलाओं को सशक्त बनाने वाले कानूनों को लागू करना मुश्किल हो जाता है, जैसे संपत्ति के स्वामित्व का अधिकार, स्थानीय नेताओं और प्रभावशाली लोगों के नेतृत्व में समुदाय की भागीदारी की आवश्यकता होती है ताकि पितृसत्तात्मक मानदंडों पर सवाल उठाया जा सके और उन्हें बदला जा सके। हालाँकि इसके लिए नारेबाजी और सशर्त नकद प्रोत्साहनों की तुलना में अधिक सूक्ष्म प्रयासों की आवश्यकता होती है, लेकिन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम रही है। पितृसत्तात्मक मानदंडों के तहत लैंगिक समानता के लिए बातचीत करने से शायद कोई फायदा न हो। धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से, हमें अपना दृष्टिकोण बदलना होगा।

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बेटे को प्राथमिकता देने के मुद्दे पर सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण, यह अपने वर्तमान स्वरूप में अपने मुख्य लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहा है। 22 जनवरी, 2015 को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी, जिसका उद्देश्य लिंग-भेदभाव को रोकना, बालिकाओं को जीवित रखना और उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाना था। भले ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने लिंग भेदभाव के बारे में बहुत जरूरी जागरूकता पैदा की है, लेकिन अपर्याप्त कार्यान्वयन और निगरानी के कारण यह अपने मुख्य लक्ष्य से भटकता नजर आता है जबकि यह अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। भारत में युवा लड़कियों को अपने जीवन भर कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है और बेटे को प्राथमिकता देने और प्रतिगामी सत्ता संरचनाओं जैसे पितृसत्तात्मक सामाजिक मानदंडों के परिणामस्वरूप आर्थिक अवसरों को खोना पड़ता है जो उनके अस्तित्व और शिक्षा में बाधा डालते हैं। बेटे को प्राथमिकता देने वाले सामाजिक मानदंडों में यह कथन शामिल है कि बेटी की परवरिश पड़ोसी के बगीचे में पानी देने जैसा है। दृष्टिकोण बदलने के लिए सिर्फ. वित्तीय प्रोत्साहन से ज्यादा की जरूरत है।**

# परीक्षाओं में अंकों की होड़ क्यों?

देश में वार्षिक परीक्षाएं छात्रों के भविष्य को निर्धारित करने का प्रमुख माध्यम हैं। लेकिन हाल के वर्षों के दौरान, शिक्षा का मूल उद्देश्य ज्ञान अर्जन से हटकर केवल उच्च अंक प्राप्त करने तक ही सीमित होता जा रहा है। खासकर देहाती क्षेत्रों के विद्यार्थी अब नियमित कक्षाओं में पढ? की बजाय कोचिंग सैंटरों पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं, क्योंकि वहां कम समय में अधिक अंक प्राप्त करने के आसान तरीके बताए जाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के समग्र विकास के लिए भी एक चुनौती बनती जा रही है। इसके पीछे शिक्षा प्रणाली की कई खामियां जिम्मेदार मानी जा सकती हैं। इनमें अहम हैं ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की कमी, कमजोर आधारभूत संरचना और अपर्याप्त शिक्षण सामग्री के कारण विद्यार्थी नियमित कक्षाओं में रुचि नहीं लेते। इसके अलावा कोचिंग संस्कृति का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि छात्रों को लगता है कि विद्यालय में पढ? की तुलना में कोचिंग सैंटरों में परीक्षा के लिए विशेष तरीके सिखाए जाते हैं, जिससे वे कम समय में अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं। इतना ही नहीं, गांव के भोले-भाले युवकों को लुभाने की मंशा से कई कोचिंग सैंटर यह दावा भी करते हैं कि वे छात्रों को परीक्षा में अधिक अंक दिलाने में मदद करेंगे। ऐसे में यदि शिक्षक भी उदासीन रवैया अपनाना शुरू कर दें तो वह आग में घी का काम करता है। आज से कुछ वर्ष पूर्व थ्री इडियट्स फिल्म में भी यह दिखाया गया था कि अधिक अंकों की होड़ का छात्रों पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जबकि होना यह चाहिए कि हर नौजवान को अपने दिल की आवाज सुनकर अपनी जिंदगी की राह तय करनी चाहिए, जिससे खुशी भी होती है और सही मायने में सफलता भी मिलती है। केवल ज्यादा पैसे कमाने के लिए बिना समझे रट्टा मारने वाले कोल्हू के बैल ही होते हैं। जिनकी जिंदगी में रस नहीं आ पाता।

दूसरी तरफ इंजीनियरिंग की डिग्री की भूख इस कदर बढ़ गई है कि एक-एक शहर में दर्जनों प्राईवेट इंजीनियरिंग कॉलेज खुलते जा रहे हैं, जिनमें दाखिले का आधार योग्यता नहीं, मोटी रकम होता है। इन कॉलेजों में योग्य शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी रहती है। फिर भी ये छात्रों से भारी रकम फीस में लेते हैं। बेचारे छात्र अधिकतर ऐसे परिवारों से होते हैं, जिनके लिए यह फीस देना जिंदगी भर की कमाई को दाव पर लगा देना होता है। इतना रुपया खर्च करके भी जो डिग्री मिलती है उसकी बाजार में कीमत कुछ भी नहीं होती। तब उस युवा को पता चलता है कि इतना रुपया लगाकर भी उसने दी गई फीस के ब्याज के बराबर भी पैसे की नौकरी नहीं पाई। तब उनमें हताशा आती है।

आज हालत यह है कि एम.बी.ए. की डिग्री प्राप्त लड़के साडि?ों की दुकानों पर सेल्समैन का काम कर रहे हैं। समय और पैसे का इससे बड़ा दुरुपयोग और क्या हो सकता है।ऊपर से कोचिंग सैंटरों की बढ़ती फीस ग्रामीण और आ?थक रूप से कमजोर छात्रों के लिए एक अतिरिक्त बोझ बन रही है। सोचने वाली बात यह है कि जब छात्र स्कूल की पढ़ाई को महत्व नहीं देते, तो विद्यालयों की गुणवत्ता और भी गिरती जाती है। इससे शिक्षा प्रणाली कमजोर होती है। वहीं परीक्षा में अच्छे अंक पाने के दबाव में कई छात्र नकल और अन्य अनुचित तरीकों का सहारा भी लेने लगते हैं। ऐसे में विद्यालयों की शिक्षा और गुणवत्ता में सुधार की बहुत जरूरत है। सभी ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों की जवाबदेही तय और विद्यालयों में शिक्षण सामग्री व संसाधनों को बेहतर किया जाना चाहिए। यदि सरकार विद्यालयों में परीक्षा की अच्छी तैयारी के लिए विशेष कक्षाएं संचालित करेगी तो विद्यार्थियों को कोचिंग सैंटर जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। परीक्षाओं को केवल अंकों के आधार पर तय करने की बजाय, प्रायोगिक ज्ञान, परियोजना कार्य और गतिविधि-आधारित मूल्यांकन को बढ़ावा देना चाहिए।

शिक्षकों को इस बात पर विशेष जोर देना चाहिए कि उन्हें विद्या?थयों को अंकों की होड़ में धकेलने की बजाय, उन्हें वास्तविक ज्ञान अर्जित करने और रचनात्मकता विकसित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यदि शिक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी और समावेशी नहीं बनाया गया, तो यह प्रवृत्ति शिक्षा के व्यवसायीकरण को और अधिक बढ़ावा देगी। आवश्यक है कि विद्यालयों में गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ परीक्षाओं में सफलता का मूल्यांकन केवल अंकों के आधार पर न किया जाए, बल्कि छात्रों की संपूर्ण योग्यता और कौशल को ध्यान में रखा जाए। जब शिक्षा का असली उद्देश्य ज्ञानार्जन बनेगा, तभी समाज का वास्तविक विकास संभव होगा।

-रजनीश कपूर

## जलालपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारन्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देश एंव क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में थाना जलालपुर पुलिस टीम द्वारा प्र0नि0 घनानन्द त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0 प्रतिमा सिंह मय हमराह कर्मचारीगण द्वारा चेंकिग के दौरान मु0अ0सं0 40/2025, धारा-64, 87, 137(2), 352, 351(3) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट व 3(2)श एससी/एसटी एक्ट थाना जलालपुर से सम्बन्धित अभियुक्त अवनीश नागर पुत्र वकील नागर निवासी चौरी थाना जलालपुर जौनपुर को उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।




## दिल्ली जीत के जश्न में डूबा शाहगंज

### जमकर किया आतिशबाजी, मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। दिल्ली के विधानसभा चुनाव पर जहां देश की निगाहें टिकी हुई वहीं विश्व मे भी लोग दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी। आज शनिवार को जब दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती शुरू हुई तो चुनाव में भाग लेने वाली पार्टियों आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस की धड़कने बढ़ने शुरू हो गयी। सुबह से जब मतगणना शुरू हुई उसमें भारतीय जनता पार्टी ने बढ़त बनाना शुरू कर दिया। जबकि आम आदमी पार्टी को रुझानों में दूसरे नम्बर पर रही वही कांग्रेस हर सीटों पर पीछे ही रही। देर दोपहर तक लगभग भारतीय जनता पार्टी ने 46 सीटों पर बढ़त बनाते हुए सभी कयासों को धता बताते हुए बहुमत के आंकड़े को पार गयी। वही पूरा देश टीवी से चिपका हुआ था जैसे ही बीजेपी के कदम सरकार बनाने की दिशा में बढ़ी वैसे वैसे बीजेपी कार्यकताओं ने आतिशबाजी शुरू कर दी। शाहगंज के जेसीज चौक पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। उक्त मौके पर नगर अध्यक्ष चिंताहरण शर्मा, सभासद कृष्णकांत सोनी, सिकन्दर साहू, अमित शर्मा, विजय जायसवाल, मुस्तकीम अहमद, सेराज आतिश, रामजी यादव, कालीचरण जायसवाल, वीरेन्द्र यादव, राजकपूर गुप्ता, सर्वेश चौरसिया, धीरज पाटिल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पवारा पुलिस अपहृता को लातेहार झारखण्ड से किया बरामद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारन्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में थाना सुरेरी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर वादी मुकदमा के लिखित तहरीरी सूचना पर पुत्री शिवांगी शाही (23 वर्ष) (काल्पनिक नाम) जो दिनांक 06/01/2025 को मुंगराबादशाहपुर पार्लर के काम से गई थी जो कि अभी तक घर वापस नहीं आई काफी खोजबीन किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। के आधार पर मु0अ0सं0 08/2025 धारा 87 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत होकर विवेचना उ0नि0 श्री दिवाकर प्रसाद द्वारा की जा रही थी।अपहृता के मो0नं0 को सर्विलांस टीम के सहयोग से ट्रेस कर जिला लातेहार पुलिस स्टेशन लातेहार झारखण्ड स्थानीय पुलिस के सहयोग से सकुशल बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




# विकास और सुशासन जीता, शराब घोटाले में आरोपी बन गए केजरीवाल: पुष्पराज सिंह

## यह सुशासन की ओर लोगों का पहला कदम: सुशील मिश्रा

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के कार्यालय पर दिल्ली एव मिल्कीपुर के जीत पर भाजपाइयों ने पटाका फोड़कर एव एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने जीत की बधाई देते हुये कहा कि अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था कि वह भारतीय राजनीति में बदलाव लाने के लिए राजनीति में शामिल होंगे लेकिन वह ऐसा करने में विफल रहे अब वह शराब घोटाले में आरोपी बन गए। उन्होंने कहा था कि जनता कि अदालत मे जा रहा हूँ। अब वह जनता के अदालत मे भी हार गये और शराब घोटाले मे दोषी हो गये। मैं दिल्ली के लोगों को बधाई देता हू क्योंकि उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व और सुशासन में विश्वास दिखाया है। यह ऐतिहासिक जीत है दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार को स्वीकारा है आम आदमी पार्टी के झूठ और फरेब को नकारा है। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, सभी बड़े चेहरे हार गए।इससे साफ पता चलता है कि जनता झूठ-फरेब की राजनीति पर विश्वास नहीं करती वही कांग्रेस पार्टी फिर से शून्य पर है। वही मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत पर चंद्रभानु पासवान को बधाई दी है और कहा कि यह जीत जनता के यूपी सरकार के प्रति आमजन के अटूट विश्वास की जीत है। यह जीत सभी समर्पित पार्टी पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकताओं की जीत है उनको हृदयतल से बधाई। जिला महामंत्री सुशील मिश्र ने दिल्ली चुनाव के नतीजों पर कहा कि अरविंद केजरीवाल ने वादा किया था कि वह भारतीय राजनीति में आमूलचूल सुधार लाने आए हैं।लेकिन वह खुद शराब घोटाले में लिप्त पाए गए, उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की ग्रामीण आवास योजना में बाधाएं पैदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन उन्होंने अपने लिए शीशमहल बनवाया आज लोग प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी विकास सेवाओं को स्वीकार कर रहे हैं। यह सुशासन की ओर लोगों का पहला कदम है। दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हुआ है यह अहंकार और अराजकता की हार है। यह ह्यमोदी की गारंटीह्न और मोदी जी के विकास के विजन पर दिल्लीवासियों के विश्वास की जीत है। इस प्रचंड जनादेश के लिए दिल्ली की जनता का दिल से आभार। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा अपने सभी वादे पूरे कर दिल्ली को विश्व की नंबर 1 राजधानी बनाने के लिए संकल्पित है। राम सिंह मौर्य ने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों एवं सेवा, सुरक्षा और सुशासन को समर्पित यूपी सरकार के प्रति आमजन के अटूट विश्वास का प्रतीक है।इसके लिए उत्तर प्रदेश की विकास-यात्रा और सुशासन को अपना मत प्रदान करने वाली मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता-जनार्दन का हार्दिक अभिनंदन करता हूं।



## रावण का भी घमंड चूर चूर हो गया था, ये तो केजरीवाल हैं: आमोद सिंह



जिला मीडिया प्रभारी भाजपा जौनपुर आमोद सिंह ने जीत कि बधाई देते हुये दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कहा कि घमंड किसी का ज्यादा देर तक नहीं टिकता। रावण का भी घमंड चूर चूर हो गया था, ये तो अरविंद केजरीवाल है। आज दिल्ली पूरी तरह कूड़ादान बन गई है, सड़कें टूटी पड़ी हैं। लोगों को पानी नहीं मिल रहा वायु प्रदूषण चरम पर है यमुना साफ नहीं हुई लोगों ने इन मुद्दों से त्रस्त होकर ये जनादेश दिया है। दिल्ली के सभी भाई-बहनों को भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए मेरा वंदन और अभिनंदन आपने जो भरपूर आशीर्वाद और स्नेह दिया है। उसके लिए आप सभी का हृदय से बहुत-बहुत आभार दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो। मुझे भाजपा के अपने सभी कार्यकताओं पर बहुत गर्व है। जिन्होंने इस प्रचंड जनादेश के लिए दिन-रात एक कर दिया। अब भाजपा और भी अधिक मजबूती से अपने दिल्लीवासियों की सेवा में समर्पित रहेंगे। उक्त अवसर पर राम सिंह मौर्य ओमप्रकाश सिंह अनिल गुप्ता मेराज हैदर इंद्रसेन सिंह सुरेंद्र मिश्र शैलेश सिंह नरेंद्र विश्वकर्मा सुजीत सिंह दिग्विजय सिंह नीरज मौर्य शशांक सिंह शानू करतार रोहित पाल मोहित, विशाल, सिधुराज मौर्या आदि उपस्थित रहे।

## विश्वनाथ मंदिर में दर्शन कराने वाले दलाल की पहचान कर तीन दिन में मांगी गई रिपोर्ट

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के काशी विश्वनाथ मंदिर में शॉर्टकट दर्शन कराने वाले दलालों पर अब शिकंजा कसा जाएगा। मंदिर प्रशासन ने मामले की जांच शुरू करा दी। एसडीएम शंभू शरण को जांच का जिम्मा मिला है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने 3 दिन में रिपोर्ट मांगी है। पैसे लेकर मंदिर में शॉर्टकट दर्शन कराने का मामला अमर उजाला ने बृहस्पतिवार को प्रमुखता से उजागर किया था। इसका संज्ञान लेकर ही मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने जांच के आदेश दिए हैं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि मंदिर के एसडीएम शंभू शरण मामले की जांच कर रहे हैं। वह तीन दिन में जांच रिपोर्ट सौंपेंगे। जांच से संबंधित जानकारी पुलिस कमिश्नर को भी दी गई है। हालांकि मंदिर के बाहर के क्षेत्र का अधिकार मंदिर ट्रस्ट का नहीं है। इसमें कार्रवाई पुलिस को ही करनी है। अमर उजाला ने बृहस्पतिवार के अंक में ही 500, 1000 और 1500 रुपये लेकर दर्शन कराने का मामला उजागर किया था।



## स्कॉर्पियो ने एंबुलेंस को मारी टक्कर, मरीज की मौत व ड्राइवर घायल

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के लंका थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें एंबुलेंस में सवार मरीज की मौत हो गई। जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना हरसेवानंद स्कूल के सामने हुई। जब चंदौली से मरीज को बनारस सीटी स्कैन कराने लाया जा रहा था। एंबुलेंस में सवार मरीज उमाराम (58 वर्ष), पुत्र सोमू राम, निवासी मढ़ौरा, थाना दुर्गावती, जिला कैमूर (बिहार) थे। रास्ते में स्कॉर्पियो (नंबर BR44P 1031) अनियंत्रित होकर एंबुलेंस से टकरा गई। स्कॉर्पियो में तीन-चार लोग सवार थे।जो हादसे के बाद भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मरीज उमराराम को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत री-लाइफ अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में एंबुलेंस ड्राइवर भी घायल हुआ।जिसे री-लाइफ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



## महाकुंभ के पुण्य में बॉलीवुड सितारों का 'संगम'

### राजकुमार राव और नीना गुप्ता ने लगाई गंगा में डुबकी

महाकुंभनगर (उत्तरशक्ति)। अभिनेत्री नीना गुप्ता और संजय मिश्रा ने इस बार महाकुंभ के आयोजन में बालीवुड के चेहरों में अपना नाम शुक्रवार को जोड़ा। दोनों ही कलाकारों ने महाकुंभ मेले का भ्रमण किया और संगम में पवित्र स्नान करने के साथ ही मां गंगा को नमन कर अपने आगामी फिल्म के सफलता की कामना भी की। बताया कि दोनों ही आगामी फिल्म वध-2 के प्रचार के सिलसिले में प्रयागराज पहुंचे हैं।



नीना गुप्ता ने बताया कि मां गंगा के पवित्र जल में स्नान का अवसर एक आध्यात्मिक यात्रा सरीखा अहसास वाला था। पहली बार कुंभ का दौरा किया तो इतने बड़े पैमाने पर आध्यात्मिकता के भावों को एकाकार होते देखना सुखद लगा। भीड़ के भावों को देखा तो लंबे समय बाद इंतजार पूरा होने के पल को %अद्वितीय% बताया। प्रयागराज में महाकुंभ मेले के अपने आध्यात्मिक यात्रा के दौरान इसके भव्य स्वरूप से वह आश्चर्य के भावों से भरी नजर आईं।

वहीं अभिनेता संजय मिश्रा भगवा कपड़ों में अपने स्वरूप के बारे में पूछते ही बोल पड़े- 'जैसा देश वैसा भेष%। कैसा लगा, पूछने पर छूटते ही बोल पड़े- 'ठंडा लगा'। बताया कि यहां पर सब कुछ है। आस्था का सागर देखना और लोगों का उत्साह इतना सुखद है कि शब्दों में बयान करना मुश्किल है।

संजय मिश्रा ने बताया गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम पर आयोजित होने वाला महाकुंभ मेला का हिस्सा होना अपने आप में सुखद अनुभव है। अपनी फिल्म वध-2 के प्रमोशन के सिलसिले में आए हैं, दर्शकों का पहली कड़ी को जो स्नेह मिला था वह उम्मीद है दूसरी कड़ी को भी मिलेगा।

प्रयागराज महाकुंभ में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए अभिनेता राजकुमार राव भी पहुंचे। मीडिया से बातचीत के दौरान वह महाकुंभ क्षेत्र की हवाओं में बिखरे आध्यात्मिकता के भावों और लाखों-करोड़ों लोगों को कुंभ स्नान करते देखकर अभिभूत नजर आए। खुद भी 12 वर्ष बाद कुंभ में आने और संगम में डुबकी लगाने के लिए उत्साहित नजर आए।

बॉलीवुड कलाकार राजकुमार राव ने बताया कि वे परमार्थ निकेतन आश्रम में वह ठहरे हैं। जो लोग यहां डुबकी लगा रहे हैं वह भाग्यशाली हैं, ईश्वर दयालु है कि हमें यहां पुण्य की डुबकी लगाने का अवसर मिला है।

## सिकरारा में सड़क हादसे में कार सवार दरोगा की मौत

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सिकरारा थाना क्षेत्र अंतर्गत समाधगंज के पास टेकारी मोड़ पर सड़क हादसे में यूपी पुलिस के एक दरोगा की मौके पर ही मौत हो गई। यह दरोगा प्रतापगढ़ जिले के देहात कोतवाली में तैनात था। सूचना मिलते ही प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज के सीओ समेत कई पुलिस कर्मी सिकरारा थाने पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार गाजीपुर जिले के मूल निवासी शेषनाथ यादव 2016 में एसआई पद पर तैनात हुआ था।मौजूदा समय मे वह प्रतापगढ़ जिले के देहात कोतवाली में तैनात थे।आज वे अपने स्विफ्ट कार से जौनपुर की तरफ से प्रतापगढ़ जा रहे थे। सिकरारा थाना क्षेत्र के टेकारी मोड़ के पास एक्सीडेंट हो गया। इसकी सूचना पब्लिक ने पुलिस को दिया। पुलिस उन्हें मछलीशहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गई डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सरायख्वाजा व स्वाट पुलिस टीम ने 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं आपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सरायख्वाजा व स्वाट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 43/25 अंतर्गत धारा-109/352/61(2) बीएनएस थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.कुमैल अब्बास उर्फ अली पुत्र जीशान नि0 कुहिया थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 2. शक्तिमान उर्फ शक्ति बनवासी पुत्र मनिराम नि0 कुहिया थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 3. मो0सादिक पुत्र वशीम अहमद नि0 गुरैनी थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को आज दिनांक 08.02.2025 को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।




## बदलापुर व साइबर थाना की संयुक्त टीम ने धोखाधड़ी की संपूर्ण धनराशि पीड़िता के खाते में कराया वापस

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर, प्रतिमा वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बदलापुर व साइबर थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा पीड़िता पूजा यादव पुत्री निवासी बनगांव भूमिहार थाना बदलापुर जनपद जौनपुर के द्वारा शिकायत दर्ज करायी गयी कि मेरे खाते से आनलाईन ठगी कर ली गयी है। सूचना पर त्वरित एवं तत्परतापूर्ण कार्यवाही करते हुए थाना बदलापुर व साइबर थाना की पुलिस टीम द्वारा पीड़िता की संपूर्ण धनराशि पीड़िता के खाते मे वापस करायी गयी। पीड़िता द्वारा पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया।

## गौराबादशाहपुर पुलिस अपहृता को किया बरामद

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपहृता की बरामदगी हेतु हेतु चलाये जा रहे। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में थाना गौराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर वादी मुकदमा की भतीजी करीना (काल्पनिक नाम) जो दिनांक 23.02.24 को तिलकधारी मेमोरियल कालेज बनरहियाबाग जौनपुर पढने गयी थी जो कि अभी तक घर वापस नहीं आई काफी खोजबीन किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला के आधार पर मु0अ0सं0 43/24 धारा 363/366 भादवि थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर बनाम अज्ञात पंजीकृत होकर विवेचना उ0नि0 प्रदीप कुमार सिह द्वारा की जा रही थी।अपहृता को सर्विलांस सेल जौनपुर की मदद से पुणे महाराष्ट्र से स्थानीय पुलिस के सहयोग से बरामद कर थाना स्थानीय पर लाकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




## सरपतहां पुलिस टीम ने पेश की ईमानदारी की मिशाल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना सरपतहां पुलिस टीम द्वारा पेश की गयी ईमानदारी की मिशाल, प्लास्टिक की थैली में मिला 1,40,000/-रुपया स्वामी को किया गया वापस।आज दिनांक 08.02.2025 को थाना सरतपहाँ मौजूदा प्रभारी उ0नि0 जियाउद्दीन मय हमराह द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान सरायमोहिद्दीनपुर से सुरापुर की तरफ जाते समय,एक मो0सा0 जो सुरापुर से शाहगंज की तरफ जा रही थी।कि रामनगर मे मो0सा0 सवार की की डिग्गी से एक काली रंग की प्लास्टिक गिर गयी। उक्त प्लास्टिक की थैली को पुलिस टीम द्वारा उठाकर देखा गया।तो उसमे रुपया था, तत्काल सरकारी गाड़ी से मो0सा0 का पीछा कर उक्त मो0सा0 सवार को रोककर उससे पुछताछ की गयी तो उस व्यक्ति द्वारा अपना नाम मोनू वर्मा पुत्र गजराज वर्मा निवासी चिल्लीरामपुर थाना सरपतहा जनपद जौनपुर बताया गया और बताया कि मैं शाहगंज मंडी से सामान लेने जा रहा हूँ। मोनू वर्मा के साथ थाना आकर पैसे की गिनती करने पर 1,40,000/-(एक लाख चालीस हजार रुपया) था। जिसे मोनू वर्मा को सुपुर्द किया गया। मोनू वर्मा द्वारा पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया एवं पुलिस की कार्यवाही की क्षेत्रीय लोगो द्वारा भूरी भूरी प्रशन्सा की जा रही है। पुलिस टीम का विवरण- 1. प्रभारी उ0नि0 जियाउद्दीन थाना सरपतहाँ जौनपुर। 2. हे0का0 कान्ति कचन थाना सरपतहाँ जौनपुर। 3. का0 अंकित राय, का0 पवन कुमार यादव, का0 ओम प्रकाश थाना सरपतहाँ जौनपुर।




## माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) का सम्मेलन दस फरवरी को, तैयारी पूरी

गाजीपुर(उत्तरशक्ति)। माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के प्रांतीय मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में अष्ट शहीद इंटर कॉलेज मुहम्मदाबाद में जिला इकाई के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें सोमवार को होने वाले शिक्षक संघ सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में चौधरी दिनेश चंद्र राय ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र 'दयालु गुरु' होंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, नेता शिक्षक दल ध्रुव कुमार त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि के रूप प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी डॉ प्रमोद कुमार मिश्र, पूर्व महामंत्री इन्द्रासन सिंह होगे। सम्मेलन सुबह 10 बजे से प्रारम्भ होगा, इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले जनपद के शिक्षकों को उस दिन का विशेष अवकाश जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा स्वीकृत किया गया है। जिलाध्यक्ष सहित पूरी कार्यकारिणी अपील करती है कि जनपद के सभी अध्यापक इस सम्मेलन में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। अष्ट शहीद इंटर कॉलेज मुहम्मदाबाद परिसर में होने वाली शिक्षक विचार गोष्ठी व जनपदीय सम्मेलन में राष्ट्र निर्माण में शिक्षा, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की भूमिका, इसके अलावा सम्मेलन में नई शिक्षा नीति, पुरानी पेंशन योजना के अलावा शिक्षकों की लंबित समस्याओं को लेकर विचार किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि सम्मेलन में पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के शिक्षक नेताओं सहित जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री, डीआईओएस भी शामिल रहेंगे। जिला सम्मेलन में अधिक से अधिक शिक्षक साथियों के पहुंचने का आह्वान किया गया। बैठक में जिला मंत्री शैलेन्द्र सिंह यादव, शिवशंकर गिरी, राकेश मिश्र, सूर्य प्रकाश राय, रत्नेश कुमार राय, मनोज कुमार विश्वकर्मा, सत्येन्द्र सिंह, प्रवीण कुमार राय, रविन्द्र नाथ तिवारी, अखिलेश्वर नाथ चतुर्वेदी, जयप्रकाश राय आदि शिक्षक शामिल रहे।



## फार्मा वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को फार्मा लाइसेंस के नवीनीकरण हेतु भेजा पत्र

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फार्मा वेलफेयर एसोसिएशन ने दवा के लाइसेंस और नवीनीकरण में खाद्य एवं औषधि निरीक्षक द्वारा लाइसेंस के नवीनीकरण में बाधा उतपन्न करने सहित आदि समस्याओं को लेकर पत्र लिखा। एसोसियेशन के जिलाअध्यक्ष प्रेम नरायन जायसवाल एवं महामंत्री देवेंद्र निगम ने संयुक्त रूप से पत्र में कहा की हम केंद्र तथा राज्य सरकार के मध्य सेतू का कार्य करते है।हाल ही में हमने वर्ष 2019 के औषधि लाइसेंस धारकों की लाइसेंस संरक्षण सम्बन्धी समस्या आपके संज्ञान में लाई गई थी।जिनका संरक्षण वर्ष 2024 में किया जाना था।किंतु औषधि पोर्टल पर तकनीकी खराबी के कारण यह प्रकिर्या या तो सम्पन्न नही हो सकी।या आवश्यक रूप से विलम्बित हो रही है। प्रेम नारायण जायसवाल ने आगे कहा कि हम प्रदेश के प्रत्येक जनपद में विशेष संरक्षण शिविर (फीं३ील्ल३ङ्गल्ल उेंस्र२) आयोजित करने का प्रस्ताव रखते है। जिससे औषधि लाइसेंस धारको को त्वरित रूप से संरक्षण (फीं३ील्ल३ङ्गल्ल) समस्या का समाधान किया जा सके और उन्हे एक प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाए। जिला इकाइयाँ प्रदेश के सभी जिलों में सक्रिय है। अतः हम यह आश्वासन देते है कि इन शिविरों के आयोजन मे हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगे।जिससे दवा व्यापारियों के व्यवसाय को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। अतः आपसे आग्रह करते है कि इस गंभीर एंव अत्यावश्यक समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। जिससे प्रदेश के समस्त दवा व्यापारियों को राहत मिल सके तथा उनके ड्रग लाइसेंस की वैद्यता बनी रहे।



